हमारा दून

पीएम कृषि सिंचाई योजना की राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति की बैठक करते सीएस।



## संक्षिप्त समाचार

### आंगनबाड़ी और आशा कार्यकत्रि को दी जाएगी एक हजार सम्मान राशि

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने घोषणा की है कि प्रत्येक आंगनबाड़ी और आशा कार्यकत्रि के खाते में एक–एक हजार रूपए की सम्मान राशि दी जाएगी। इनकी संख्या 50 हजार से अधिक है। कोविड–19 के लिए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों और पर्यावरण मित्रों के वेतन से अब एक दिन के वेतन की कटौति नहीं की जाएगी। हालांकि इनके द्वारा सहयोग किया जा रहा था। पर्यावरण मित्रों ने तो स्वयं एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया था।

### पेंशनरों के हित में राज्य सरकार ने लिया महत्वपूर्ण निर्णय

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के शहरी विकास, आवास, राजीव गाँधी शहरी आवास, जनगणना, पुनर्गठन एवं निर्वाचन मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि सेवानिवृत्त पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों के हित में राज्य सरकार द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। केन्द्रीय सेवा के शहरी विकास विभाग के अन्तर्गत दिनांक 01.01.2016 से पूर्व सेवानिवृत्त पेंशनरोंधारिवारिक पेंशनरों को दिनांक 01.01.2016 से 31.10.2018 तक के एरियर का भुगतान वित्तीय वर्ष, 2020–21 एवं 2021–22 में दो समान किश्तों में दिये जाने के प्रस्ताव को शहरी विकास मंत्री द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है।

### क्रिकेट रजिस्ट्रेशन 29 से

**संवाददाता** देहरादून। क्रिकेट एसाेिएशन ऑफ उत्तराखंड सीएयू द्वारा दिये गए आदेश के अनुसार पर्वतीय क्रिकेट एसोसिएशन चमोली एक बार फिर क्रिकेट रजिस्ट्रेशन 29 जून से गौचर में करा रहा है। पर्वतीय क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव नरेन्द्र शाह ने बताया कि जिन खिलाड़ियों ने अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है उनके लिए एक बढ़िया मौका है। खिलाड़ी अपने साथ पिछले तीन साल का रिपोर्ट कार्ड खून की जांच की रिपोर्ट जन्म प्रमाण पत्र, कंप्यूटर से पेन कार्ड, माता पिता का आधार कार्ड पेन कार्ड नहीं तो पापा का पेन कार्ड अपना आधार कार्ड लाना जरूरी है।

### बीएमडब्ल्यू ने भारत में पेश की एक नई ब्रांड डिजाइन

**संवाददाता** देहरादून। बीएमडब्ल्यू ग्रुप ने भारत में ऑनलाइन और ऑफलाइन संचार के लिए अपनी नई ब्रांड और कॉर्पोरेट आइडेंटिटी पेश करने की घोषणा की है। बीएमडब्ल्यू, बीएमडब्ल्यू आई और बीएमडब्ल्यू एम कम्युनिकेशन लोगो को एक नए लोगोटाइप और नए डिजाइन प्रिंसिपल्स के साथ पूरी तरह से नया रूप दिया गया है। बीएमडब्ल्यू ब्रांड अब आज की अपेक्षाओं और दृश्य पद्धति को लेकर काम करता है और डिजिटल जमाने के लिए और भी बढ़िया ढंग से उपयुक्त है।

## नहीं थम रही उत्तराखंड में कोरोना की रफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना की रफ्तार थम नहीं रही है। ताजा रिपोर्ट में प्रदेश में गुरुवार दोहपर ढाई बजे तक 20 नए मामले मिले हैं, जबकि 24 मरीज स्वस्थ हो गए। अब तक प्रदेश में 2642 लोगों में कोरोना की पुष्टि हो चुकी है। जिनमें 1745 ठीक भी हो चुके हैं। अलग–अलग अस्पतालों व कोविड केयर सेंटरों में 845 मरीज अभी भर्ती हैं। कोरोना पॉजिटिव 17 लोग राज्य से बाहर चले गए हैं। चिंता की बात यह कि अब तक कोरोना संक्रमित 35 मरीजों की मौत हो चुकी है। रिकवरी रेट जरूर कुछ उम्मीद जता रहा है।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार रात तक 1560 सैंपलों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई है। जिनमें 88 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। ऊधमसिंहनगर में एक सहायक चकबंदी अधिकारी सहित 26 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। देहरादून में 16 सैंपल की रिपोर्ट पॉजिटिव हैं। इनमें तीन लोगों के सैंपल मृत्यु उपरांत लिए गए थे। इसके अलावा निजी अस्पताल के दो स्वास्थ्य कर्मचारी, मसूरी रोड स्थित अस्पताल में भर्ती नजीबाबाद निवासी बुजुर्ग, बुलंदशहर से लौटे एक शख्स, उपचार के लिए एम्स पहुंचे आगरा निवासी बुजुर्ग व गुमानीवाला निवासी व्यक्ति सहित सात अन्य लोग भी संक्रमित पाए गए हैं। इधर, अलग–अलग अस्पतालों से 119 मरीज ठीक होकर डिस्चार्ज भी हुए हैं। दून से 39, पिथौरागढ़ से 23, हरिद्वार से 16, अल्मोड़ा जिले से 11, नैनीताल से नौ, ऊधमसिंहनगर से पांच और चमोली से दो मरीज ठीक हुए हैं।

# उपनल के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में हो भर्तीः मुख्यमंत्री

**बैठक**

प्रदेशवासियों को रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए बैठक

पूर्व सैनिकों एवं सैनिक आश्रितों को सबसे पहले प्राथमिकता

**संवाददाता**

देहरादून। कोविड–19 के दृष्टिगत प्रदेशवासियों को रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने गुरूवार को सचिवालय में अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ विशेष सैक्टर चिन्हित किये जाएं, जिसमें लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार विभिन्न क्षेत्रों में उपनल के माध्यम से भर्ती की जा सकती है। स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं तकनीक के क्षेत्र में कार्मिकों की और तैनाती की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उपनल के माध्यम से जो भी भर्ती की जायेगी, उसमें पूर्व सैनिकों एवं सैनिक आश्रितों को सबसे पहले प्राथमिकता दी जायेगी। यदि किसी क्षेत्र में पूर्व सैनिकों एवं सैनिक आश्रित की उपलब्धता नहीं हो पाती है, तब ही अन्य लोगों को उपनल के माध्यम से भर्ती की जायेगी। नौकरी के लिए विभिन्न क्षेत्र चिन्हित होने के बाद उपनल द्वारा पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। इसके लिए इस वित्तीय वर्ष के अन्त तक अर्थात् 31 मार्च 2021 तक आवेदन किया जा सकता है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ ऐसे क्षेत्र चिन्हित किये जाय जिसमें समय की मांग एवं परिस्थितियों के अनुसार प्रदेशवासियों विशेषकर पूर्व सैनिकों एवं सैनिक आश्रितों एवं महिला समूहों को उपनल के माध्यम से स्किल डेवलपमेंट किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड 19 के दृष्टिगत प्रदेश के बड़े शहरों देहरादून एवं हल्द्वानी में वरिष्ठ नागरिकों, जो विभिन्न कारणों से अपने घर से बाहर निकलने में असमर्थ हैं। उनके लिए उपनल के माध्यम से मल्टीसर्विस सेंटर स्थापित किये जाय। वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए उपनल के माध्यम से उचित दरों पर सेवाएं दी जा सकती हैं। उपनल के माध्यम से सेवाएं देने पर सेवाकर्ता का पूरा रिकॉर्ड रहेगा। इससे लोगों में विश्वसनीयता भी बढ़ेगी।

बैठक में मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव न्याय प्रेम सिंह खिमाल, सचिव वित्त अमित नेगी, अपर सचिव प्रदीप रावत, उपनल के प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर पी.पी.एस. पहावा (से.नि), निदेशक सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास ब्रिगेडियर के.वी चन्द (से.नि) आदि उपस्थित थे।

# कोविड केयर सेंटर का सीएम ने किया निरीक्षण

**निरीक्षण**

■कोविड– 19 के मानकों के अनुसार सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने गुरूवार को अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रायपुर, दून में बनाये गये कोविड केयर सेंटर का निरीक्षण किया। इस कोविड सेंटर में कोविड– 19 के मानकों के अनुसार सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करायी गई हैं। अभी इस सेंटर में 750 बैड की व्यवस्था की गई है। आवश्यकता पड़ने पर इस सेंटर की क्षमता को बढ़ाकर चार हजार बैड तक की जा सकती है। कोविड केयर सेंटर में ठहरने वाले लोगों के लिए सुरक्षात्मक दृष्टि से फ्री में आवश्यक सामग्री की किट दी जायेगी। दिन में तीन टाइम के भोजन की व्यवस्था की गई है, जिसमें स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दी गई है। आयुष विभाग द्वारा इम्युनिटी बढ़ाने के लिए काढ़ा भी उपलब्ध कराया गया है।



सुबह के समय एक्सपर्ट द्वारा ऑनलाईन योगा एवं मेडिटेशन की क्लास दी जायेगी। इसके लिए एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था की गई है। कोविड केयर सेंटर में सैनेटाइज, थर्मल स्क्रीनिंग, सीसीटीवी कैमरे एवं कोविड के मानकों के हिसाब से अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं। फैमली वार्ड अलग से बनाये गये हैं। सेंटर में मनोरंजन की अनेक सामग्रियां उपलब्ध कराई गई हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड–19 के दृष्टिगत राज्य सरकार ने सुरक्षात्मक दृष्टि से हर सम्भव प्रयास किये हैं। अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रायपुर में कोविड के दृष्टिगत हाईटैक सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किये गये हैं। शासन, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ ही स्वयं सेवी संस्थाओं ने भी इसके लिए सहयोग किया है।

## पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत गलवान में सैनिकों के बलिदान के सम्मान में बैठेंगे धरने पर

**संवाददाता** देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस महासचिव हरीश रावत आज शहीद स्थल पर गांधी प्रतिमा के नीचे गलवान घाटी में कर्नल संतोष बाबू व अन्य सैनिकों के बलिदान के सम्मान व एकजुटता प्रदर्शित करने को धरने पर बैठेंगे। इस संबंध में उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर अनुमति भी मांगी है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस महासचिव हरीश रावत ने कहा कि उत्तराखंड की आमदनी बढ़ाने को परंपरागत क्षेत्रों में ज्यादा संजीदगी के साथ योजना बनाकर काम करना होगा। राज्य के राजस्व में वृद्धि को संभावित स्रोतों व बढ़ती बेरोजगार की स्थिति पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत की अध्यक्षता में वेबिनार हुआ। इस मौके पर जल संपदा और वन संपदा, प्राकृतिक संपदा के युक्तिसंगत दोहन, संवर्धन और रोजगार के नए अवसर पैदा करने पर जोर दिया गया। उन्होंने बताया कि विभिन्न चरणों में इस चर्चा को जारी रखा जाएगा।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।